





# जिले की गौशालाओं में हुए गोवर्धन पूजन के आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 अक्टूबर।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप 5 दिवसीय दीपोत्सव पर्व के दौरान आज कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा की उपस्थिति

**कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने गोवर्धन पूजन के साथ ही गौवंश की पूजा भी की**

एवं मार्गदर्शन में जिलेभर में गोवर्धन पूजन का त्याहार उमंग और उत्साह के साथ धार्मिक परम्पराओं के अनुरूप मनाया गया। इस पावन अवसर पर जिले की विभिन्न गौशालाओं नागदा, झिरन्या, खितरपाल, उपचा, परतवाडा, गौपाल गौशाला,



श्यामपुर सहित अन्य गौशालाओं में भव्य एवं धार्मिक आस्था से परिपूर्ण गोवर्धन पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा सहित अन्य अधिकारियों एवं जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा गोवर्धन की पूजा के साथ ही गौवंश का विधि विधान से पूजन किया गया तथा गौ माता को तिलक कर गुड एवं गौग्रास खिलाया गया।

ढेगदा स्थित संत आशाराम बापू गौशाला में आयोजित गोवर्धन पूजन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा, सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी, विधायक श्योपुर बाबू जण्डेल, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं रामलखन नापाखेडली, पूर्व नगरपालिका



अध्यक्ष ओम राठौर, गिर्राज चौधरी, सुजीत गर्ग, सत्यनारायण यादव आदि उपस्थित थे। इसके अलावा एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, सहायक संचालक महिला बाल विकास रिशु सुमन, उप संचालक पशुपालन डॉ आरके त्यागी, अधीक्षक दिलीप बंसल भी मौजूद रहें।

संत श्री आशाराम बापू गौशाला में गोवर्धन एवं गौवंश के पूजन उपरांत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा गौशाला का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के अंत में गौशाला के स्थानीय संचालक गजानंद महाराज द्वारा सभी का साफा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

**परतवाडा में गोवर्धन एवं गौवंश का पूजन :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय गौशालाओं में गोवर्धन पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी क्रम में आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम परतवाडा स्थित गौशाला में अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय द्वारा गोवर्धन तथा गौवंश का पूजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाथ देवरिया, तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख आदि उपस्थित रहें।

इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओं द्वारा गोवर्धन पूजा के महत्व और धार्मिक परम्परा पर उद्बोधन दिये गये।

### गोपाल गौशाला में भी हुआ पूजन कार्यक्रम

नगर के पाली रोड स्थित गोपाल गौशाला में भी गोवर्धन एवं गौवंश का पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा विधि विधान से गोवर्धन और गौमाता की पूजा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाशनारायण गुप्ता एवं रामलखन नापाखेडली, एसडीएम गगन सिंह मीणा, सुजीत गर्ग, महावीर मीणा, उप संचालक पशुपालन डॉ आरके त्यागी आदि के द्वारा गोवर्धन एवं गौपूजन किया गया।

### विजयपुर के उपचा गौशाला में हुआ पूजन कार्यक्रम

विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम उपचा स्थित गौशाला में सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबीनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरैया एवं पूर्व मंत्री रामनिवास रावत तथा एसडीएम अभिषेक मिश्रा द्वारा गोवर्धन पूजा की गई तथा गौवंश को तिलक लगाकर उनका भी पूजन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष बदन सिंह रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम मुदगल, अखिलेश शर्मा, मुकेश जाटव, हकिम कुशवाह, उदय कुशवाह, सौरभ जादौन, ओमप्रकाश रावत, सीईओ जनपद आफिसर सिंह गर्जुर, सरपंच नाथू गुर्जर, श्रीधर गुर्जर आदि उपस्थित रहें।





# अवैध रेत से भरे दो ट्रैक्टर जब्त, प्रशासन ने दिखाई सख्ती

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 22 अक्टूबर।** अवैध खनन और रेत परिवहन पर नकेल कसने के लिए प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम अभिषेक मिश्रा ने पुलिस बल के साथ

**एसडीएम अभिषेक मिश्रा की बड़ी कार्रवाई**

संयुक्त अभियान चलाते हुए रेत से भरे दो ट्रैक्टर जब्त किए। सूत्रों के अनुसार, एसडीएम मिश्रा को सूचना मिली थी कि कुछ वाहन अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे हैं। जानकारी के आधार पर टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टरों का काफी दूर तक पीछा किया और उन्हें घेराबंदी कर विजयपुर क्षेत्र में पकड़ा। पकड़े गए दोनों ट्रैक्टरों को विजयपुर थाना परिसर में रखवाया गया है।

थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि दोनों वाहनों पर खनिज नियमों व संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। ट्रैक्टर जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध रेत खनन व परिवहन में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र में ऐसी कार्रवाइयाँ निरंतर जारी रहेंगी ताकि खनिज संसाधनों की अवैध लूट पर पूरी तरह रोक लग सके।

## बारिश के कारण किसान परेशान

**भैंसदेही।** इन दिनों जहां खरीफ फसलों के पकने की अवधि समाप्त होने के बाद अब जहां समुचे क्षेत्र में फसलों की कटाई का कार्य किया जा रहा है , जिसमें अपनी बिदाई के समय जाते जाते हो रही बारिश से किसान परेशान हो चले हैं,बीते दो दिनों से लागातार हो रही बारिश पकी पकाई फसलों को खराब कर रही है ।एक ओर सोयाबीन पर बीमारी पीला मोजेक के असर के चलते किसान भारी नुक़सान उठाना पड़ रहा है, वहीं दुसरी मुख्य फसल मक्का की कटाई और भुट्टे तुड़ाई का कार्य क्षेत्र में युद्धस्तर पर जारी है ऐसे में लगातार हो रही बारिश क्षेत्र के कृषकों के लिये परेशानी का सबब बना हुआ है।

# आदिवासी ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 अक्टूबर।** कलेक्टर



एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने आयुष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आदिवासी बाहुल्य ग्रामों एवं बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर लगाये

**सीएम हेल्पलाइन में टॉप-5 का लक्ष्य लेकर चले-डीएम**

जायें। उन्होने कहा कि सभी आयुष औषधालयों के चिकित्सक



अपने-अपने क्षेत्र में सहरिया बाहुल्य बस्तियों एवं ग्रामों में नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर लगाये तथा आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान करें। इसके साथ ही जरूरत होने पर नजदीकी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए उपचार हेतु रैफर किया जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। इसके साथ ही उन्होने कहा कि इस माह सभी के प्रयासों से सीएम हेल्पलाइन में जिले को प्रदेश में छटवी रैंक प्राप्त हुई है। अगले माह टॉप-5 के लक्ष्य के साथ शिकायतों का सकारात्मक एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जायें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने पीएचई ईई एलपी सिंह को निर्देश दिये कि सभी नलजल योजनाओं का भौतिक सत्यापन कराया जायें तथा संचालित योजनाओं के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की जायें। उन्होने सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार को निर्देश दिये कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ईसीजी की सुविधा का भौतिक सत्यापन कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की जायें, यदि ईसीजी की सुविधा बंद है तो कारण सहित उल्लेख किया जायें। इसके साथ ही उन्होने आरईएस विभाग के अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन मल्टीपरपज सेंटर के निर्माण कार्यो में गुणवत्ता बरतने के निर्देश दिये। साथ ही गुणवत्ताहीन कार्य करने वाली निर्माण एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

## एक नजर में



### ईवीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण

**श्योपुर, 22 अक्टूबर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, निर्वाचन पर्यवेक्षक इमरान खान सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

### एयर मार्शल ने कर्मियों के साथ मनाई दिवाली

**आमला।** मेंटेनेंस कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, एयर मार्शल विजय कुमार गर्ग, एयर फोर्स फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन क्षेत्रीय की अध्यक्ष, श्रीमती ऋतु गर्ग के साथ दिवाली मनाने के लिए एयर फोर्स स्टेशन आमला में कर्मियों और उनके परिवारों से मिलने पहुँचे। इस अवसर पर एयर मार्शल गर्ग ने एयर वॉरियर्स, डीएससी कर्मियों और सिविलियनों के साथ बातचीत की और मिठाइयाँ वितरित की। उन्होंने सभी कर्मियों का अभिवादन किया और उनसे त्योहार को उत्साह और सुरक्षा के साथ मनाने का आग्रह किया। श्रीमती ऋतु गर्ग ने भी एक अलग मिलन समारोह में संगिनियों के साथ बातचीत की। उन्होंने सभी को खुशहाल और सुरक्षित दिवाली, निरंतर सफलता, शांति और समृद्धि की शुभकामनाएँ दीं। एयर फोर्स स्टेशन आमला के एयर ऑफिसर कमांडिंग, एयर कमोडोर महेश ने उन्हें स्टेशन पर आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी, जो खुशी और एकता की भावना को बढ़ावा दे रही थी।

### स्लाइडर हाउस की दुर्दशा से व्यापारी परेशान

**पाथाखेड़ा।** सारनी नगर पालिका क्षेत्र के तीनों हाट बाजार सारनी, पाथाखेड़ा और शोभापुर कॉलोनी में बने स्लाइडर हाउस ( मांस विक्रय केंद्र ) बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद इनकी मरम्मत या सफाई का कार्य अब तक नहीं हो पाया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्लाइडर हाउसों की दीवारें जर्जर हो चुकी हैं, फर्श पर कीचड़ और गंदगी जमी रहती है, जिससे चारों ओर दुर्गंध फैलती है। स्थिति इतनी भयावह है कि पास के मंदिरों और मुख्य मार्ग से गुजरने वाले लोगों को नाक पर रूमाल रखना पड़ता है। नगर पालिका जहां एक ओर स्वच्छता अभियान के दावे कर रही है, वहीं इन स्लाइडर हाउसों की हालत मूत्रालयों से भी बदतर बनी हुई है। बाजार में स्वच्छ पेयजल की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। मांस विक्रेताओं का कहना है कि गंदगी और असुविधा के कारण वे खुले में मांस काटने को मजबूर हैं। वहीं, नगर पालिका समय-समय पर खुले में मांस न बेचने के निर्देश जारी करती है, लेकिन जब मूलभूत सुविधाएँ ही उपलब्ध नहीं हैं, तो व्यापारी क्या करें। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही स्लाइडर हाउसों की मरम्मत और सफाई नहीं कराई गई, तो वे इस मुद्दे को उच्च अधिकारियों तक ले जाएंगे।

### शोभापुर-चोपना मार्ग की दुर्दशा से परेशान ग्रामीण

**पाथाखेड़ा।** सारनी शोभापुर खदान से होकर चोपना तक जाने वाली लगभग तीन किलोमीटर लंबी सड़क बदहाली की मार झेल रही है। यह सड़क शोभापुर गांव तक पहुंचती है, जहां तक कुछ वर्ष पूर्व सीमेंट रोड का निर्माण किया गया था। उस सीमेंट मार्ग से जोड़ने के लिए पंचायत द्वारा लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद अब तक सड़क का स्थायी निर्माण कार्य नहीं हो सका है। गांव वालों का कहना है कि पंचायत द्वारा केवल गिट्टी और मोरम डालकर सड़क को कागजों में पूरा दिखा दिया गया है। वर्तमान स्थिति यह है कि सड़क पर बने गड्ढे और कीचड़ के कारण साइकिल चलाना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में यह मार्ग फिसलनभरा और खतरनाक हो जाता है। सूत्रों के अनुसार ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सरपंच और सचिव द्वारा ग्रामीणों के भोलेपन का फायदा उठाकर लगातार गोलमाल किया जा रहा है। केवल 10-20 ट्रॉली गिट्टी डालकर खानापूर्ति की जा रही है, जबकि स्थायी निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह सड़क पाथाखेड़ा से बंद हो चुकी शोभापुर खदान होते हुए चोपना गांव तक जाती है।

## अम्मा की गौशाला में की गई गोवर्धन पूजा

**सारणी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सारणी के तत्वावधान में अम्मा की गौशाला परिसर में गोवर्धन पूजा का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत के नेतृत्व एवं नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष जगदीश पवार की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौमाता (गोवर्धन पूजा) की पूजन-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यकर्ताओं ने परंपरागत रीति से गोवर्धन पर्व का उत्सव मनाते हुए गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति बनाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने गौसेवा का संकल्प लिया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति, गौवंश एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और समाज को इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए ।मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने कहा कि अम्मा की गौशाला में ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का प्रतीक भी हैं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा,जी.पी. सिंह, जगदीश आहूजा,पार्षद भीम बहादुर थापा, योगेश बर्डे, गणेश महस्की, बबलू नर्रे, प्रवीण सोनी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल महामंत्री प्रकाश डेहरिया सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन, श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**मुलताई।** पवित्र नगरी में दीपावली के दूसरे दिन एकम् तिथी आने से अन्नकूट का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान को 56 भोग लगाकर भंडारा प्रसादी आयोजित की गई। जिसमें सैकडो श्रृद्धालुओं द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

गौरतलब है कि दीपावली के बाद कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकम् के दिन अन्नकूट का पर्व मनाया जाता है। जिसमें साल में आई नई उपज से बने पकवानों का भोग भगवान को लगाया जाता है ।वही कई श्रृद्धालुओं द्वारा मंदिरों में भगवान को 56 भोग लगाए जाते है। ऐसी मान्यता है कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण जब इन्द्रदेव द्वारा गोकुल में जानबुझ अत्याधिक वर्षा की जा रही थी, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली से गोवर्धन पर्वत उठाया था।

गोवर्धन पर्वत के नीचे समस्त गोकुल वासी खडे होकर बारिश से बचे थे। इस दिन सभी ग्रामीणों द्वारा अपने अपने खेतो की नई फसल लाकर एक साथ मिला कर भोजन तैयार कर सभी ग्राम वासियों द्वारा एक साथ भोजन किया गया था, जिसे अन्नकूट का नाम दिया गया था। जब से ही दीपावली के अगले दिन अन्नकूट मनाया जाता है।

अन्नकूट के अवसर पर नगर में सामाजिक बंधुओं द्वारा अलग अलग मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन किया गया जिसमें अग्रवाल समाज द्वारा ताप्ती तट पर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, भार्गव समाज द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर , खंडेलवाल समाज द्वारा श्री जगदीश मंदिर तथा ब्राहम्ण समाज द्वारा बडे हनुमान जी के मंदिर में अन्नकूट का आयोजन कर इस साल आई नई फसलों में साबूत अनाज से भोजन तैयार भगवान को भोग लगाया गया।

### कल 24 अक्टूबर को भव्य आर्केस्ट्रा का आयोजन

**भैंसदेही।** नवयुवक दुर्गा रामलीला मंडल द्वारा 24 अक्टूबर शुक्रवार को रात्रि 8 बजे पंडित अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम सिटी ग्राउंड में पी कुमार प्रस्तुत एवर ग्रीन आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वालो में मुख्य रूप से जूनियर अल्लू अर्जुन पुष्पा लुकलाइक, सुरमई आवाज की मलिका स्वस्तिका ठाकुर एवं रवीश कुमार इंडियन आइडल एवं सिगिंग आइकन शो फेम गायक, मयूर नागपुर के बहुमुखी गायक, पी कुमार बहुमुखी परफॉर्मर एवं गायक, श्रद्धा वर्सेटाइल सिंगर, विशेष आकर्षण शानदार डिजिटल लाइन एअर साउंड सिस्टम। भव्य एल ई डी लाइट वाल मनमोहक नृत्य नाटक और संगीत का संगम पुष्पा स्टाइल धमाकेदार परफॉर्मेंस के साथ एवं अन्य कलाकारों के साथ रंगारंग आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी। सभी लोगों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर आर्केस्ट्रा का लुत्फ उठाए।

## राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ का हुआ आयोजन

**मुलताई।** गायत्री परिवार द्वारा नगर के गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता नेहरू वार्ड निवासी श्यामराव बारस्कर के निवास पर जन्मशताब्दी वर्ष अंतर्गत शक्ति संवर्धन राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ संम्पन्न कराया।

टोली नायक धनराज धोटे ने परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचारों को पहुंचाते हुए कहा वर्तमान समय में लोगों को सदा ज्ञान की आवश्यकता है, बिना सद्ज्ञान के मनुष्य का जीवन निरर्थक है। आज हम जिस भी भगवान को मानते है उनके गुणों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि हम रामचरित मानस पढ़ते है तो भगवान श्रीराम के गुणों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।

माता सीता और देवी अहिल्या के गुणों को जीवन में धारण करने की आवश्यकता है। दीपयज्ञ की पूर्णाहुति मे उपस्थित परिजनों ने अपनी एक बुराई को छोड़ने एवं एक अच्छाई को धारण करने का संकल्प लिया।

तहसील समन्वयक नारायण देशमुख ने आगामी 2026 के जन्मशताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की सफलता के लिए शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में प्रत्येक प्रज्ञा मंडल महिला मंडलों युवा मंडलों को प्रत्येक घरों में एक घंटा सामूहिक साधना,ज्योति अवतरण साधना प्रारंभ करने कामथ में 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक होने वाले 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा की जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया गया।

इस दौरान गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन उपजोंन समन्वय समिति सदस्य सम्पत राव धोटे, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक गुलाब राव चिल्हाटे सहित महिला मंडल कामथ की बहनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# बैतूल से इटारसी तक फोरलेन पर लगेंगे कैमरे, अपने आप कटेगे ई-चालान

**नवभारत न्यूज**
**बैतूल, 22 अक्टूबर.** बैतूल से इटारसी तक बनाए जा रहे फोरलेन पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) के तहत हर चार किलोमीटर पर एडवांस कैमरे लगाए जाएंगे।

कैमरे लगाने के लिए केबल बिछने शुरू हो गए हैं, इन कैमरों से तेज रफ्तार वाहनों और दुर्घटनाओं पर नजर रखी जाएगी। दरअसल अब तक जो फोरलेन सड़कें बनती थीं उन पर कैमरों और मॉनीटरिंग के लिए एचटीएमएस सिस्टम यानी हाईवे ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू होता था। लेकिन अब जो फोरलेन बने हैं उन्हें एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जा रहा है जिसमें कैमरे और इनकी टोल नाके से कनेक्टिविटी अनिवार्य है। इसके तहत कैमरे लगाना जरूरी है। इसके बाद सड़क से गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार पर तो नजर रहेगी ही, साथ ही दुर्घटनाओं पर भी नजर रखी जायेगी। जिसके लिए बैतूल इटारसी फोरलेन पर कैमरे लगाने के लिए केबल बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। भविष्य में इन कैमरों को टोल नाके से जोड़ दिया जाएगा, इसके बाद तेज रफ्तार वाले वाहनों की रफ्तार दर्ज होगी और टोल नाके पर पहुंचते ही ई-चालान वसूली की कार्रवाई के बाद ही वाहन चालक आगे बढ़ सकेंगे।

यहां काम अधूरा होने से परेशानी : शाहपुर -एनएच 46 के बैतूल इटारसी सेक्शन में फोरलेन पर सुविधाओं का अभाव और टाइगर कॉरीडोर बरेठा में सही ढंग से मेंटेनेंस नहीं होने से लोग पहले ही नाराज थे, वहीं अब कुंडी टोल प्लाजा शुरू होने से यह नाराजगी और बढ़ी है।